**सुविचार**

वेद सभी सत्य विद्याओं की किताब है, वेदों को पढना-पढ़ाना, सुनना-सुनाना सभी आर्यों का परम धर्म है

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 80 | पंचकूला। रविवार, 26 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में अग्नि एवं भूकंप मॉक ड्रिल

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में अग्नि एवं भूकंप मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा प्रबंधन की व्यापक तैयारियों का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों एवं स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता, जागरूकता और व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में वे प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। ड्रिल के दौरान छात्रों को आपातकालीन अलार्म, सुरक्षित निकासी मार्ग, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षित अध्यापकों एवं स्वयंसेवकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शांतिपूर्वक कक्षाओं से बाहर निकलकर निर्धारित सुरक्षित स्थलों पर एकत्रित होने का अभ्यास किया। इस अवसर पर 'डक, कवर एंड होल्ड' तकनीक के माध्यम से भूकंप के समय बचाव के उपायों का प्रदर्शन किया गया, वहीं अग्नि सुरक्षा के अंतर्गत आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, अलार्म प्रणाली का उपयोग तथा सुरक्षित निकास के तरीकों पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन की विभिन्न प्रक्रियाओं—जैसे प्राथमिक उपचार, निकासी योजना, तथा संकट के समय संयम बनाए रखने—का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मॉक ड्रिल के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों के अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सामंजस्य और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को घर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया गया, ताकि सभी किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित एवं सजग रह सकें।

### चंडीगढ़ अंडर-13 ओपन और गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ

**चंडीगढ़.** अंडर-13 ओपन और गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप का आज अरबिंदो स्कूल ऑफ इंटीग्रल एजुकेशन, सेक्टर-27, चंडीगढ़ में शुभारंभ हुआ। इस चैंपियनशिप में कुल 29 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ चेस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। दूसरे राउंड के अंत तक अंडर-13 ओपन वर्ग में एआईएम (एरेना इंटरनेशनल मास्टर) ध्रुव वत्स, विवान मित्तल, एसीएम (एरेना कैंडिडेट मास्टर) रेयांश मिधा और आदित्य पजनी 2-2 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं अंडर-13 गर्ल्स वर्ग में सान्वी अग्रवाल, रिशम कौर और अनैशा 2-2 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। इस चैंपियनशिप से शीर्ष दो लड़के और दो लड़कियों का चयन किया जाएगा, जो 03 से 09 सितंबर 2026 तक पांडिचेरी में आयोजित होने वाली नेशनल अंडर-13 प्रतियोगिता में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता : शिक्षा जगत, उद्योग और समाज के बीच सेतु विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**चंडीगढ़।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता : शिक्षा जगत, उद्योग और समाज के बीच सेतु विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन 25 अप्रैल 2026 को आईसीएसएसआर-उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ परिसर में हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन आईसीएसएसआर-उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी के सहयोग से किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) रेनू विग, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर श्री दीपेन साहू, सहायक नवाचार निदेशक, शिक्षा मंत्रालय नवाचार प्रकोष्ठ (एआईसीटीई) उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक अत्यंत सार्थक एवं विचारोत्तेजक परिचर्चा का आयोजन प्रो. मनप्रीत सिंह मन्ना की अध्यक्षता में किया गया। परिचर्चा में विशिष्ट विद्वानों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें प्रो. (डॉ.) विनय गोयल, कुलपति, सीजीसी विश्वविद्यालय, झंझेरी; प्रो. (डॉ.) जे.के. शर्मा, कुलपति, बद्दी विश्वविद्यालय; प्रो. (डॉ.) गुरदीप सिंह बत्रा, प्रति-कुलपति, देश भगत विश्वविद्यालय; प्रो. (डॉ.) मधुरिमा, अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान, पंजाब विश्वविद्यालय; प्रो. (डॉ.) संजय सिंधु, पूर्व अध्यक्ष, विधि विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा प्रो. (डॉ.) पंकज नागलिया, कुलसचिव, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय शामिल रहे। प्रो. (डॉ.) श्वेता शर्मा, आयोजन सचिव एवं प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष, एमएएसओएम ने सम्मेलन की विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें दो दिनों की चर्चाओं के प्रमुख निष्कर्षों, शोध योगदानों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। सम्मेलन की आयोजक प्रो. डॉ. ऋचा ने मुख्य अतिथि का स्वागत प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# किसानों के लिए लांच होगा ई-खरीद मोबाइल एपः सीएम सैनी

## सीएम नायब सिंह सैनी बोले—व्हाट्सएप पर मिलेगा जे-फॉर्म, गेहूं उत्पादन में चार साल का रिकॉर्ड टूटा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में अगले साल ई-खरीद मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस एप के जरिए किसानों को मंडी में एंट्री से लेकर एग्जिट तक की पूरी जानकारी मोबाइल पर ही उपलब्ध होगी। शनिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में इस साल कई डिजिटल बदलाव लागू किए गए हैं, जिन्हें किसानों ने सकारात्मक रूप से अपनाया है। अब अगले सप्ताह से किसानों को उनके मोबाइल व्हाट्सएप पर जे-फॉर्म भेजने की सुविधा भी शुरू की जाएगी। यह सुविधा क्यूआर कोड के माध्यम से मिलेगी, जिससे किसानों को ऋण लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले सीजन से फसल खरीद प्रक्रिया को और अधिक सरल व डिजिटल बनाया जाएगा। प्रस्तावित ई-खरीद एप के माध्यम से किसानों को जे-फॉर्म, भुगतान की स्थिति, भूमि व बुवाई का विवरण, फसल सत्यापन, गेट पास और जमीन सत्यापन जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस




पहल का उद्देश्य किसानों को मंडियों में अनावश्यक इंतजार और रात गुजारने जैसी समस्याओं से राहत देना है। इसके अलावा धान सीजन में मिलरों की खरीद प्रक्रिया को भी इस एप से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को डीएम या डीएफएससी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**गेहूं उत्पादन में रिकॉर्ड, खरीद प्रक्रिया में भी सुधार :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हरियाणा में गेहूं उत्पादन ने पिछले चार वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने बताया कि अब तक 21,044 करोड़ रुपये मूल्य की फसल मंडियों में आ चुकी है। प्रदेश की 416 मंडियों और 128 खरीद केंद्रों में अब तक 81.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि 70.23 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। इनमें से 59.77 लाख मीट्रिक टन खरीद का सत्यापन भी हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस बार 97 प्रतिशत गेहूं की खरीद बायोमेट्रिक प्रणाली से की गई है। अब तक 79.14 लाख मीट्रिक टन गेहूं का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा चुका है। सीएम ने कहा कि मंडियों से 34.56 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है और 18 अप्रैल के बाद इसमें तेजी आई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन उठान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर 10.07 लाख किसानों ने पंजीकरण कराया है और सीजन के दौरान 13.47 लाख किसानों को डिजिटल गेट पास जारी किए गए हैं। जियो-फेंसिंग व्यवस्था को सफल बताते हुए उन्होंने कहा कि मंडियों में 332 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और इस बार तय स्थान से बाहर कहीं भी फसल की खरीद नहीं हुई है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है।

**साढ़े 81 लाख मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में पहुंचा:** मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 अप्रैल तक प्रदेश की मंडियों में 81 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जिसका कुल मूल्य 21 हजार 41 करोड़ रुपए है। वहीं 11 अप्रैल को एक ही दिन में 7 लाख 71 हजार मीट्रिक टन गेहूं की रिकॉर्ड आवक हुई। अब तक 5 लाख 80 हजार किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि 79 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूं का बायोमेट्रिक बेरिफिकेशन हो चुका है, जो कुल आवक का लगभग 97 प्रतिशत है। प्रदेश की मंडियों में 70 लाख 23 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी हो चुकी है, जिसमें से 59 लाख 77 हजार मीट्रिक टन की सत्यापित खरीद हो चुकी है। वहीं, मंडियों से 34 लाख 56 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।

### पोर्टल पर 10 लाख रजिस्ट्रेशन

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 'मेरी फसल- मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर 10 लाख 7 हजार 657 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। ई-खरीद पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल गेट पास और एग्जिट पास की व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत इस सीजन में अब तक 13 लाख 47 हजार डिजिटल गेट पास जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो-फेंसिंग और सीसीटीवी निगरानी जैसे आधुनिक सुधार लागू किए गए हैं। सीएम ने बताया कि, फसल खरीद के बाद किसानों को 48 से 72 घंटे के भीतर भुगतान उनके खातों में सुनिश्चित किया जा रहा है। दूर-दराज से आने वाले किसानों की सुविधा के लिए मंडियों को 24 घंटे खुला रखा गया है। मुख्यमंत्री ने आढ़ती वर्ग को राहत देते हुए बताया कि उनका कमीशन 33 रुपए 75 पैसे प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। साथ ही गुणवत्ता मानकों में राहत देते हुए टूटे और सिकुड़े दानों की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है।

# समय सीमा से पहले बाढ़ सुरक्षा कार्य करें पूरेः सीएम मान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** आगामी मानसून सीजन के मद्देनज़र मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को डिप्टी कमिश्नरों को बाढ़ सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और किसी भी तरह की लापरवाही पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी। एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने नालों और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तुरंत सफाई, गाद निकालने, प्रदूषण नियंत्रण उपायों को तेज करने और लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश से पहले सभी प्रबंध पूरे हो सकें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, जिनके साथ राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल भी मौजूद थे, ने पूरे पंजाब में बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रेनों और नदियों की योजना सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ समन्वय करके तैयार की जानी चाहिए, ताकि नियमित रूप से डी-सिल्टिंग, सफाई और मजबूती सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने



ज़ोर देकर कहा कि इससे मानसून के दौरान लोगों को बाढ़ के खतरे से बचाने में मदद मिलेगी और हर अधिकारी इस कार्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा। उन्होंने गिद्दड़पिंडी रेलवे पुल समेत अन्य संभावित बाढ़ स्थलों की शीघ्र सफाई के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से बचा जा सके।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि लुधियाना के बुड्ढा नाला, काला संघियां ड्रेन और सतलुज के धुसी बांध की सफाई को लेकर संत बलबीर सिंह सीचेवाल की हाज़री में जालंधर और लुधियाना के उपायुक्तों के साथ विशेष बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतलुज और अन्य मौसमी नदियों के कमजोर बांधों को मजबूत करने तथा बुड्ढा नाले के लिए एसटीपी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले दिनों में महत्वपूर्ण सुधार दिखाई देंगे और सरकार जनता के साथ मजबूती से खड़ी है।

### चिट्टी वेईं में 200 क्योसिक पानी छोड़ने के लिए सिम्बली में रेगुलेटर चालू किया जाए

पानी के प्रवाह और प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टी वेईं में 200 क्योसिक पानी छोड़ने के लिए सिम्बली में रेगुलेटर चालू किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पुलों में तकनीकी सुधार और काला संघियां ड्रेन में प्रदूषण कम करने के लिए बिस्त दोआब नहर से 100 क्योसिक पानी छोड़े जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आगे कहा कि स्टोन लायनिंग का कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने डेयरी अपशिष्ट को नालों में डालने पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इस संबंध में जिम्मेदारी तय की जाएगी। सतलुज नदी पर धुसी बांध सड़क परियोजना का मामला केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा, जिसे 117.75 करोड़ की लागत के साथ नाबार्ड के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

### चुनाव आयोग ने बंगाल के छह पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के दिये निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिंगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन पर भेदभाव और स्थानीय तत्वों से साठगांठ करने तथा सबको बराबरी का अवसर देने में विफल रहने का आरोप है। आयोग ने श्री सरकार की जगह थाने में दूसरा प्रभारी नियुक्त किए जाने को भी कहा है। आयोग ने इसी तरह डायमंड हार्बर जिला क्षेत्र के पांच अधिकारियों के खिलाफ भी चुनाव के दौर में ड्यूटी के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबन और अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। इन अधिकारियों में डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, उप पुलिस अधीक्षक सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाने के प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाने के प्रभारी अजय बाग और उस्ती पुलिस थाने की प्रभारी शुभेच्छा बाग शामिल हैं।

## यूपी के मऊ में भीषण सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा बशारतपुर के पास गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भिड़ गई। घोसी के क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हमें देर रात सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि एक वाहन डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में चला गया था और सामने से आ रहे वाहन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों और राहत दल की सहायता से बचाव कार्य शुरू किया। वाहन को काटने में काफी समय लगा, क्योंकि टक्कर बहुत ही तेज थी। लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी पांचों लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर जिले के निवासी अपनी बेटी की शादी के सिलसिले में झारखंड के रांची गए थे। शादी संपन्न होने के बाद वह अपने परिवार के साथ गाड़ी से वापस घर लौट रहे थे। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। शनिवार रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। इसके चलते स्कॉर्पियो नियंत्रण से बाहर हो गई। पहले वह डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में पहुंचकर सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

### गडकरी का बड़ा एलान

## अब बिना रुके ही कटेगा वाहनों का टैक्स, बैरियर फ्री होंगे टोल प्लाजा

**नई दिल्ली.** देश के टोल सिस्टम में बड़ा बदलाव आने वाला है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि दिसंबर 2026 तक कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर बैरियर-फ्री टोलिंग सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने से वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे सफर तेज और सुगम होगा। 'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवार्ड्स 2026' को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकार हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक तकनीकों से लैस करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। नई टोलिंग व्यवस्था अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित होगी। इसमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे आधारित, सिस्टम एनालिटिक्स का उपयोग किया जाएगा। इन तकनीकों की मदद से वाहन की पहचान स्वतः हो जाएगी और बिना रुके टोल शुल्क कट जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर ई-नोटिस जारी किए जाएंगे और भुगतान न करने की स्थिति में FASTag सस्पेंड किया जा सकता है। गडकरी ने बताया कि देश में एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के विकास से लॉजिस्टिक्स लागत 16% से घटकर करीब 10% तक आ गई है। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए इस लागत को और कम कर सिंगल डिजिट में लाना होगा। तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिका और यूरोप में यह लागत लगभग 12% और चीन में 8-10% के बीच है। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपनी लगभग 87% तेल जरूरत आयात से पूरी करता है, जिससे आर्थिक दबाव और प्रदूषण दोनों बढ़ते हैं। ऐसे में बायो-फ्यूल और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधनों पर तेजी से काम करने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और Narendra Modi के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में सुधार अहम भूमिका निभाएगा।

### अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं करेगा ईरान




**तेहरान/वॉशिंगटन.** ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। वे शुक्रवार रात पाकिस्तान पहुंचे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। बैठक में डिप्टी पीएम इशाक डार और आर्मी चीफ आसिम मुनीर भी मौजूद रहे। दूसरी तरफ अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा कि अमेरिका किसी डील के लिए बेचैन नहीं है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की ओर से एक प्रस्ताव आया है, लेकिन वे अच्छे समझौते का इंतजार करेंगे और जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेंगे। व्हाइट हाउस का कहना है कि अमेरिकी डेलिगेशन पाकिस्तान में ईरान के साथ सीधे शांति वार्ता करेगा। इसके लिए ट्रम्प ने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद भेजा है। हालांकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस दौर में शामिल नहीं हैं और उन्हें स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### आम आदमी पार्टी छोड़ते ही राघव चड्ढा को बड़ा झटका

# रातों-रात 11 लाख लोगों ने इंस्टाग्राम से किया अनफॉलो

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी से बगावत कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी छोड़ने का उनका यह फैसला सोशल मीडिया पर उन्हें भारी पड़ रहा है। इंस्टाग्राम पर राघव चड्ढा के फॉलोअर्स की संख्या में अचानक भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिसने सियासी गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है। एक तरफ जहां राघव की लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है, वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने इन बागी सांसदों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की तैयारी कर ली है। सोशल मीडिया पर युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय माने जाने वाले राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर अनफॉलो करने वालों की झड़ी लग गई है। आंकड़ों के मुताबिक, 23 अप्रैल तक उनके इंस्टाग्राम पर करीब 14.6 मिलियन (1 करोड़ 46 लाख) फॉलोअर्स थे। लेकिन 24 अप्रैल को जैसे ही उनके आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में जाने की खबर सामने आई, उनके फॉलोअर्स तेजी से घटने लगे। महज कुछ ही घंटों में 11 लाख से ज्यादा यूजर्स ने उन्हें अनफॉलो कर दिया है। फिलहाल उनके फॉलोअर्स का आंकड़ा गिरकर 13.5 मिलियन पर आ गया है और यह संख्या लगातार नीचे की तरफ लुढ़क रही है।

इस बड़े सियासी उलटफेर के बाद आम आदमी पार्टी ने अपने बागी सांसदों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कड़ा ऐतराज जताते हुए आरोप लगाया है कि उनके 7 सांसद गैरकानूनी तरीके से बीजेपी में शामिल हुए हैं। संजय सिंह ने इसे सीधे तौर पर 'दल-बदल कानून' का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश का कानून ऐसी किसी भी टूट को वैधानिक मान्यता नहीं देता है, इसलिए इस असंवैधानिक कृत्य के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। संजय सिंह ने



साफ कर दिया है कि पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है और वह जल्द ही राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सभी बागी सांसदों की सदस्यता रद्द करने की औपचारिक मांग करेंगे।

## एक नजर

### पंजाब में सांसद हरभजन सिंह और राजेंद्र गुप्ता के घर की दीवारों पर लिखा-गद्दार




**जालंधर.** आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में जाने के बाद पंजाब में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर दिखा। जालंधर में आप समर्थकों ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के आवास की दीवारों पर गद्दार लिखकर विरोध जताया, जबकि लुधियाना में भाजपा में शामिल हुए सांसद राजेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर पंजाब का गद्दार लिख दिया गया। इसी बीच, जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के बाहर आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला भी फूंका गया। दूसरी ओर आप के प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने इन घटनाओं को निंदनीय बताया। सुनाम दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी इस तरह के झटकों से घबराने वाली नहीं है और हर चुनौती के बाद और मजबूत होकर उभरेगी। अरोड़ा ने सांसदों के पार्टी छोड़ने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि संदीप पाठक और राघव चड्ढा जैसे नेता किन परिस्थितियों में यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी इन सांसदों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता रद्द कराने की दिशा में कदम उठाएगी।

### लोगों की जान बचाने में अग्रणी सड? सुरक्षा फोर्स

**चंडीगढ़।** पंजाब ने भारत का पहला सडक सुरक्षा बल शुरू किया, जिससे सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में रिकॉर्ड 50.12 प्रतिशत की कमी आई। सडक सुरक्षा फोर्स ने अब तक 47,000 से अधिक दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता प्रदान की है। पंजाब में सडक सुरक्षा फोर्स के गठन के बाद सडक सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार दर्ज किया गया है। किसी भी तरह की दुर्घटना की स्थिति में एसएसएफ की तत्काल पहुंच, पीड़ितों को प्राथमिक सहायता और समय पर इलाज मिलने के कारण राज्य में सडक हादसों में मौतों की दर में कमी आई। पंजाब की सडक सुरक्षा फोर्स में मौजूदा वक्त में करीब 1500 कर्मचारी तैनात हैं। इन्हें 144 अत्याधुनिक व पूर्ण रूप से सुसज्जित वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। राज्य में औसतन हर 30 किलोमीटर पर इस फोर्स की एक टीम तैनात रहती है।किसी भी तरह की सडक दुर्घटना होने पर यह फोर्स औसतन 6 से 6.5 मिनट में मदद के लिए पहुंच जाती है। आधुनिक उपकरणों जैसेकटर और फर्स्ट एड किट सेलैस येगाडिकां एआई और बैकएंड सपोर्ट की मदद से लगातार काम कर सडक हादसों में होने वाली जन हानि की रोकथाम कर रही हैं। इस फोर्स की मौजूदगी सेन सिर्फ हादसों में कमी आई है, बल्कि हाईवे पर होने वाली लूट और चोरी की घटनाओं पर भी लगाम लगी है। एसएसएफ की गाडिकों में एक्सीडेंट के दौरान फंसे लोगों को निकालने के लिए कटर, प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य रेस्क्यू टूल्स मौजूद रहते हैं। हाईवे पर हर 30 किलोमीटर पर इनकी मौजूदगी ने यात्रियों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा किया है। सडक सुरक्षा फोर्स ने केवल जान ही नहीं बचाई, बल्कि अपराध पर भी चोट की है।कहाईवे पर गश्त बढने् से लूटपाट और चोरी की वारदातों में भारी कमी आई है।कलोग अब देर रात भी हाईवे पर सफर करते समय एसएसएफ की गाडियों को देखकर खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने लॉरेंस गैंग के सदस्य आरजू बिश्नोई को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। एजीटीएफ ने लॉरेंस गैंग के सदस्य आरजू बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर आरजू के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पोस्ट पर यह जानकारी दी है। डीजीपी के अनुसार, आरोपी राजस्थान में एक हत्या के मामले में वांछित है, जिसकी गिरफ्तारी पर नगद इनाम घोषित किया गया है। आगे की जांच जारी है ताकि आपराधिक संबंधों की कड़ी स्थापित की जा सके। इसके पहले एजीटीएफ ने विदेशी गैंगस्टरों द्वारा संचालित एक गिरोह का भंडाफोड़ किया था। चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से दो विदेशी .30-कैलिबर पिस्टल और आठ कारतूस बरामद किए गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पटियाला के उगाना गांव के निवासी अरमान सिंह, पटियाला के नालास खुर्द गांव के निवासी चिराग, पटियाला के राजपुरा के नालास कलां गांव के निवासी रविंदर सिंह उर्फ राहुल और पटियाला के धामोली गांव के निवासी अक्षय उर्फ प्रंस के रूप में हुई थी। डीजीपी ने बताया था कि आरोपियों में से एक जुलाई 2025 में अबोहर स्थित वेयर वेल शोरूम के मालिक की हत्या में शामिल था। ऑपरेशनल जानकारी साझा करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ) प्रमोद बान ने बताया था कि इस मॉड्यूल के चार सदस्यों की अंबाला-चंडीगढ़ राजमार्ग पर मोहाली की ओर आवाजाही की विश्वसनीय सूचना मिलते ही एजीटीएफ और मोहाली पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई और राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकपॉइंट स्थापित किए गए। पुलिस टीम ने राजमार्ग पर जेनेटपुर लिंक रोड के पास संदिग्धों को पकड़ा और उनके पास से दो विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस गैंगस्टर नेटवर्क को खत्म करने और पूरे पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### श्री दुर्गा ज्योति भवन में धूमधाम से मनाई गई श्री माता बगलामुखी जयंती

**पठानकोट.** सिद्ध पीठ श्री माता बगलामुखी मंदिर दुर्गा ज्योति भवन खड्डी पुल पठानकोट में मुख्य संचालक दीपक मस्ताना की अध्यक्षता में 24 अप्रैल को श्री माता बगलामुखी जी की जयंती धूमधाम और भव्यता से मनाई गई। सुबह दीपक मस्ताना के पारिवारिक सदस्यों एवं माता श्री बगलामुखी जी के भक्तों द्वारा हवन यज्ञ करते हुए आहुतियां अर्पित कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। उसके बाद कंजक पूजन करके माता जी को लंगर में तैयार किए गए प्रसाद का भोग लगाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पंजाब सरकार रमन भल्ला विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने हवन यज्ञ में आहुतियां भी अर्पित कीं तथा लंगर भंडारे में लंगर वितरित करके परिवार द्वारा स्थापित परंपरा में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जेसी कुंडा को भी मस्ताना परिवार द्वारा मां बगलामुखी जी की चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस विशाल भव्य लंगर भंडारे का आयोजन दीपक मस्ताना के परिवार की तरफ से किया गया था।

# प्रदेश में जनता का गुस्सा फूटा, दलबदलू सांसदों को दीवारों और सड़कों पर 'पंजाब के गद्दार' के नारों का करना पड़ा सामना

## आप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और राजिंदर गुप्ता के घरों की दीवारों पर लिखा 'गद्दार', फूंके पुतले

- **2027 में आप वापसी तय, भाजपा ने हताश चालों पर उतरी: पवन टीनू**
- **भाजपा अरविंद केजरीवाल की काम की राजनीति से घबराई, साजिशों का ले रही है सहारा: परमिंदर गोल्डी**
- **पंजाबी इन 'गद्दार' सांसदों को मुंहतोड़ जवाब देंगे: आप नेता**

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और राजिंदर गुप्ता के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं और आम जनता में भारी गुस्सा है। उनके घरों और यहां तक कि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में भी उन्हें 'गद्दार' कहने वाले नारे लिखे गए हैं, जो लोगों के गुस्से का स्तर को दिखाते हैं। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने 'पंजाब के गद्दार' के नारे लगाए, जो लोगों में गहरे गुस्से और विश्वासघात की भावना का संकेत देते है। बहुत सारे लोगों ने पंजाब के जनादेश के साथ इस धोखे पर निराशा जताई है, और कुछ ने तो विरोध में अपने बच्चों को एलपीयू में एडमिशन न करवाने की भी घोषणा कर दी है। जालंधर में आप के सीनियर नेता पवन कुमार टीनू ने कहा कि आप सरकार 2027 में पंजाब में सत्ता में वापस आएगी और भाजपा के पास खड़े होने के लिए कोई राजनीतिक ज़मीन नहीं बचेगी। हताशा में, भाजपा ने आप के राज्यसभा सदस्यों को अपनी तरफ करने का सहारा लिया है।

कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल ने आप के खिलाफ एक नापाक गठबंधन बनाया है, जिसके कारण उनके नेता आप विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बारे में एक जैसे बयान दे रहे हैं। इस बीच, आप पंजाब यूथ विंग के कार्यकारी प्रधान परमिंदर गोल्डी ने राजिंदर गुप्ता के घर के बाहर एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'पंजाब दे गद्दार मुर्दाबाद' के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इस धोखे को कभी माफ नहीं करेंगे।

भाजपा अरविंद केजरीवाल की विकास और शासन की राजनीति से बुरी तरह घबराई हुई है और साजिशों के जरिए आप को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। लेकिन, ये कोशिशें नाकाम होंगी क्योंकि आप का हर कार्यकर्ता पार्टी लीडरशिप और उसके विज़न के साथ मज़बूती से खड़ा है।

## सीएम मान ने डिप्टी कमिश्नरों को समय सीमा से पहले बाढ़ सुरक्षा कार्य पूरे करने के निर्देश दिए

# कहा- सरकार जनता के साथ मजबूती से खड़ी है

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** आगामी मानसून सीजन के मद्देनज़र मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज डिप्टी कमिश्नरों को बाढ़ सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और किसी भी तरह की लापरवाही पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी। एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने नालों और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तुरंत सफाई, गाद निकालने, प्रदूषण नियंत्रण उपायों को तेज करने और लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश से पहले सभी प्रबंध पूरे हो सकें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, जिनके साथ राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल भी मौजूद थे, ने पूरे पंजाब में बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रेनों और नदियों की योजना सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के साथ समन्वय करके तैयार की जानी चाहिए, ताकि नियमित रूप से डी-सिल्टिंग, सफाई और मजबूती सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे मानसून के दौरान लोगों को बाढ़ के खतरे से बचाने में मदद मिलेगी और हर अधिकारी इस कार्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा। उन्होंने गिद्दड़पिंडी रेलवे पुल समेत अन्य संभावित बाढ़ स्थलों की शीघ्र सफाई के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से बचा जा सके। बुड्ढा नाले की सफाई के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि पवित्र बुड्ढा नाले के पानी को लुधियाना शहर के शुरुआती बिंदु तक साफ कर दिया गया है और आगे का कार्य जारी है। उन्होंने डेयरियों से नाले में जाने वाले गोबर की सख्ती से जांच करने और नगर निगम द्वारा उसके उचित निस्तारण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हेबोवाल में सीबीजी प्लांट को जल्द चालू किया जाए और ताजपुर में प्रस्तावित प्लांट के लिए 2.5 एकड़ भूमि आवंटन का प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर अंतिम रूप दिया जाए। औद्योगिक गंदे पानी के उचित उपचार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

पानी के प्रवाह और प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टी वेईं में 200 क्योसिक पानी छोड़ने के लिए सिम्बली में रेगुलेटर चालू किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पुलों में तकनीकी सुधार और काला संघियां ड्रेन में प्रदूषण कम करने के लिए बिस्त दोआब नहर से 100 क्योसिक पानी छोड़े जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आगे कहा कि स्टोन लायनिंग का कार्य पूरा हो गया है।

मुख्यमंत्री ने डेयरी अपशिष्ट को नालों में डालने पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इस संबंध में जिम्मेदारी तय की जाएगी। सतलुज नदी पर धुसी बांध सड़क परियोजना का मामला केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा, जिसे 117.75 करोड़ की लागत के साथ नाबार्ड के सहयोग से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि लुधियाना के बुड्ढा नाला, काला संघियां ड्रेन और सतलुज के धुसी बांध की सफाई को लेकर संत बलबीर सिंह सीचेवाल की हाजरी में जालंधर और लुधियाना के उपायुक्तों के साथ विशेष बैठक की गई है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतलुज और अन्य मौसमी नदियों के कमजोर बांधों को मजबूत करने तथा बुद्धा नाले के लिए एसटीपी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले दिनों में महत्वपूर्ण सुधार दिखाई देंगे और सरकार जनता के साथ मजबूती से खड़ी है।

### राज्य की मंडियों में 76 लाख टन गेहूं की खरीद, किसानों को 13,751 करोड़ रुपये का भुगतान : कटारूचक्क

**सुल्तानपुर लोधी.** पंजाब के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, वन और वन्यजीव मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने शुक्रवार को सुल्तानपुर लोधी अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं के खरीद प्रबंधों का जायजा लिया।



उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों द्वारा मंडियों में लायी गयी फसल का एक-एक दाना उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कटारूचक्क ने कहा कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी और फसल का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सीजन में राज्य का लक्ष्य 122 लाख टन गेहूं की खरीद करना है। अब तक पंजाब भर में लगभग 80 लाख टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से करीब 76 लाख टन की खरीद विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2585 रुपये प्रति क्विंटल (एमएसपी) पर की जा चुकी है। किसानों के बैंक खातों में अब तक 13,751 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कपूरथला जिले की मंडियों में 3,11,155 टन आवक का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 2,51,758.35 टन गेहूं की आवक हुई है, जिसमें से 2,43,139 टन की खरीद कर किसानों को 583.7 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान किया जा चुका है। मंडियों में लिफ्टिंग (उठान) का काम भी सुचारू रूप से चल रहा है और अब तक 80,265.45 टन गेहूं का उठान हो चुका है।

### सीएचसी बनूड़ में मनाया मलेरिया दिवस

**बनूड़.** सीएचसी बनूड़ की एसएमओ डॉ. रजनीत कौर रंधावा के नेतृत्व में मलेरिया दिवस मनाया गया। इस मौके पर आए हुए लोगों को मलेरिया के बारे में जानकारी दी गई। मलेरिया के बारे में जानकारी देते हुए हेल्थ सुपरवाइजर रमेश धीमान ने बताया कि मलेरिया बुखार एनोफिलीज नाम के मादा मच्छर के काटने से होता है और यह बुखार ठंड लगने के साथ चढ़ता है और फिर पसीना आने के साथ उतर जाता है। यह मच्छर रुके हुए गंदे पानी से पैदा होता है। इसलिए हमें अपने आस-पास गंदा पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। अगर गंदा पानी जमा हो जाए, तो उसमें काला तेल डाल दें, ताकि उसमें मच्छर न पनप सकें। इसके अलावा घरों में खुले में रखे पानी को ढककर रखें। रात को सोते समय शरीर पर मच्छर भगाने वाली क्रीम और ओडोमॉस क्रीम लगाकर मच्छरों से खुद को बचाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को बुखार की शिकायत हो, तो वे नजदीकी हेल्थ सेंटर में जाकर अपना ब्लड टेस्ट करवाएं। इस मौके पर चरणजीत कौर, रूपिंदर कौर, गुरदीप सिंह, परमजीत सिंह, राजदीप सिंह व अन्य थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर बनी वेब सीरीज बैन, कांग्रेस नेताओं और डीजीपी को जान से मारने की धमकी

चंडीगढ़। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जीवन पर आधारित वेब सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब को भारत सरकार द्वारा बैन किए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। सरकार के इस फैसले के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से कई प्रमुख नेताओं और पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को जान से मारने की धमकी दी गई है। ये धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह को धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, गैंग की ओर से सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी गई है। इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस बीच, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने धमकी भरे संदेशों और कॉल्स की पुष्टि की।

बता दें कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' मामले में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 को पत्र लिखा है। पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने अपने सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर यह पत्र साझा भी किया है। इस पत्र में ओटीपी प्लेटफॉर्म से इस वेब सीरीज को रिलीज नहीं करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा, पत्र में 27.10.2025 को जारी ओटीटी दिशानिर्देशों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि अगर हम इस तरह के वेब सीरीज को रिलीज होने की करने की अनुमति देते हैं, तो इससे समाज में अपराध बढ़ने की आशंका बढ़ सकती है, जिसे देखते इसे रिलीज नहीं करने का फैसला ही सही रहेगा।

### भारत विकास परिषद यूनिट नाभा ने 31 ज़रूरतमंद बच्चों को यूनिफ़ॉर्म बांटी

**नाभा.** भारत विकास परिषद यूनिट नाभा, जहां समाज सेवा का काम करती है, वहीं स्कूलों में भी ज़रूरतमंद बच्चों की मदद करती है। इसी सिलसिले में, संस्था ने आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के) पटियाला गेट में 31 ज़रूरतमंद बच्चों को यूनिफ़ॉर्म बांटी। इस मौके पर संस्था के जनरल सेक्रेटरी विकास मित्तल और स्टेट कैशियर अश्विनी मदान ने कहा कि संस्था की सदस्य मैडम नीलम रानी ने अपने बेटे की याद में 31 ज़रूरतमंद बच्चों को यूनिफ़ॉर्म दी हैं। उन्होंने यूनिफ़ॉर्म देने के लिए उनका धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि ऐसा सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्था ज़रूरतमंद लोगों की सेवा करती रहे और इतने कम समय में समाजसेवी मदद के लिए आगे आते रहें। इस मौके पर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़कों) के हेडमास्टर अश्विनी मदान ने भारत विकास परिषद यूनिट के सभी सदस्यों का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म बांटी गई हैं।

### एडमिनिस्ट्रेशन ने गांव भोड़े में बड़ा पब्लिक हियरिंग कैंप लगाया

**नाभा.** नाभा एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से रिजर्व हलके के गांव भोड़े में एक बड़ा पब्लिक हियरिंग कैंप लगाया गया, जिसमें डेढ़ दर्जन से ज़्यादा सरकारी डिपार्टमेंट मौजूद थे। कैंप के दौरान पुलिस डिपार्टमेंट, हेल्थ डिपार्टमेंट, सीडीपीओ, बीडीपीओ, पीडब्ल्यूडी, एम्प्लॉयमेंट, लेबर, डीएफएसओ, वाटर सप्लाई और सैनिटेशन, लेबर, एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, सॉइल कंजर्वेशन डिपार्टमेंट, BPEU, लैंड बैंक, फिशरीज, इंडस्ट्रियल, पोस्ट मास्टर, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और सेवा केंद्र इंचार्ज या उनके मौजूद स्टाफ ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और ज़रूरी निर्देश दिए। गांव भोड़े और आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने इस कैंप से पंजाब सरकार की तरफ से आम लोगों को दी जा रही सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी लेकर फायदा उठाया।



इसकी पुष्टि करते हुए स्ठरूनाभा अरविंदरपाल सिंह सोमल ने कहा कि पंजाब सरकार के खास निर्देशों पर जिला एडमिनिस्ट्रेशन अलग-अलग हलकों के गांवों में आम लोगों की समस्याएं सुनने के लिए पहुंच रहा है और तुरंत प्रभाव से खास निर्देश दिए जा रहे हैं। आम लोगों को सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और उनके इस्तेमाल के बारे में जागरूक करने के लिए इस तरह की कोशिशों की तारीफ़ करते हुए उन्होंने कहा कि पब्लिक हियरिंग कैंप के दौरान, गांव भोड़े और आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने पंजाब सरकार की सेवाओं के बारे में जानकारी मांगी और इन सरकारी सेवाओं का फ़ायदा उठाने के लिए फ़ॉर्म भरे।

### राज्यसभा दलबदल पर भगवंत मान का राष्ट्रपति से मिलना राजनीतिक नौटंकी : दलजीत सिंह चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़** । पंजाब की राजनीति में राज्यसभा दलबदल को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर जुबानी हमला किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सीएम मान के मिलने के फैसले को उन्होंने राजनीतिक नाटक करार दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, राज्यसभा में दलबदल के मामले पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का राष्ट्रपति से मिलने के लिए जल्दबाजी करना, राजनीतिक नौटंकी के अलावा और कुछ नहीं है। भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत, सांसदों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार संसद के दायरे में आता है, न कि राष्टपति के विवेक पर निर्भर करता है। दूसरी बात यह कि दो-तिहाई से अधिक सदस्यों के दलबदल के मामले में दलबदल विरोधी कानून बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि पंजाब में आपने एसएडी के तीन में से एक विधायक के आपकी पार्टी में शामिल होने को भी मंजूरी दी थी, और तो और उसे एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का चेयरमैन भी बना दिया था, ऐसे उपाय खोजने से पहले, जो संवैधानिक रूप से मौजूद ही नहीं हैं। आम आदमी पार्टी को एक बुनियादी सवाल का जवाब देना चाहिए कि पंजाब के असली आम आदमी प्रतिनिधियों के बजाय, बेहद अमीर बाहरी लोगों को राज्यसभा के लिए नामित करने का मापदंड क्या था?

चीमा ने आगे कहा कि लोगों को यह स्पष्टता भी मिलनी चाहिए कि अगर जवाबदेही ही मूल सिद्धांत है, तो क्या नागरिकों को उन विधायकों को वापस बुलाने का अधिकार है जिन्होंने उन्हें निराश किया है? या फिर आपकी जवाबदेही भी चुनिंदा है? दिल्ली में केवल प्रतीकात्मक याचिकाओं का सहारा लेने के बजाय आप पार्टी को पंजाब की जनता का सामना करना चाहिए। अगर वे सचमुच लोकतांत्रिक नैतिकता में विश्वास रखते हैं, तो उन्हें पंजाब के लोक भवन जाना चाहिए और पंजाब के राज्यपाल से नए जनादेश का अनुरोध करना चाहिए। केवल इसी कदम से, न कि केवल संवैधानिक दिखावे से, जनता का विश्वास बहाल हो पाएगा।

## एक नजर

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर लुवास में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**हिसार.** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार में आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि पशुचिकित्सक समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो न केवल पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, बल्कि वन हेल्थ की अवधारणा को साकार करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निरंतर आयोजित करने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के वेटरिनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में वेटरिनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संपन्न हुईं तथा शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 से अधिक कुत्तों, बिल्लियों एवं अन्य छोटे पशुओं का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही पशुओं में बांझपन तथा मास्टाइटिस जैसी गंभीर समस्याओं पर जागरूकता शिविर लगाए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने पशुपालकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर में हरियाणा कृषि विश्वविधालय के कैम्पस स्कूल के छात्रो ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। स्कूल छात्रो को वेटरनरी साइंसेज में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया और रेबीज, मस्टाइटिस, ब्रुसेलोसिस जैसी बीमारियों के लक्षण एवं रोकथाम के लिया मार्गदर्शन दिया गया। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के चतुर्थ कक्षा विद्यार्थियों ने विभिन हॉस्टल के आसपास भी जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान चलाया। डॉ. राजेश खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि पशुचिकित्सकों की भूमिका आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि पशुओं का स्वास्थ्य सीधे मानव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि समय पर टीकाकरण, उचित पोषण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर पशुपालक अपने पशुओं की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं तथा रोगों से बचाव कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को भी पशुचिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बाबा भैरव धाम में जनकल्याण के निमित किया माता का जागरण व देवी यज्ञ

**हिसार.** बाबा भैरव धाम में जनकल्याण के निमित माता का विशाल जागरण व देवी यज्ञ का आयोजन पूरी आस्था के साथ किया गया। जागरण व देवी यज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। ह्यूमन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव दुर्जनपुर स्थित बाबा भैरव धाम में आयोजित किए गए जागरण में माता का भव्य दरबार सजाया गया। श्रद्धालु माता रानी के अदभुत श्रृंगार के दर्शन करके अभिभूत हो गए। इस दौरान विभिन्न झांकियां भी निकाली गई। झांकियों को देखकर भक्तगण अनायास ही नतमस्तक हो गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष सीताराम शास्त्री ने बताया कि माता के जागरण में देशभर से साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में विश्व शांति, पर्यावरण संतुलन और समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना के साथ देवी हवन-यज्ञ किया गया। हवन में भी काफी संख्या में भक्तों ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि प्रकृति को प्रसन्न करने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए देवी यज्ञ का विधान पूरा किया गया। प्रसिद्ध भजन गायिका विधि देशवाल, महक कौशिक और मनदीप अलेवा (एमएलए) ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। भजन सुनते हुए बहुत से श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे। श्रद्धालुओं की फरमाइश पर गायिका विधि देशवाल ने अपना प्रसिद्ध गीत मेरे यार सुदामा रै भाई घणे दिनां मैं आया गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सुदामा की झांकी देखकर भी भक्तगण भाव विह्वल हो गए। इस दौरान विधि देशवाल ने शालीन व मर्यादित गीत सुनने का आह्वान भी किया। महक कौशिक ने भजन के माध्यम से भगवान की आराधना करने के साथ-साथ माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। प्रवक्ता दारा सिंह ने बताया कि दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम पंचायत दुर्जनपुर और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय अनुष्ठान के लिए जनसंपर्क अभियान चलाकर गांव-गांव में न्योता दिया गया था। इसलिए असंख्य भक्तों ने इस कार्यक्रम में पूरी निष्ठा से हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय अनुष्ठान में भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल, व्यासपुर में विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**यमुनानगर.** सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुर, व्यासपुर में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, व्यासपुर के मार्गदर्शन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इन बीमारियों के कारण, लक्षण, फैलने के तरीके तथा बचाव के उपायों पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान साफ पानी में पनपने वाले मच्छरों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि पानी को ढककर रखना, जलभराव न होने देना, पानी की टंकियों की नियमित सफाई करना तथा गंदे पानी में तेल डालकर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जांच एवं लार्वा मिलने पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विख्यात शिक्षाविद् डॉ. एम. के. सहगल ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवनोपयोगी जागरूकता भी प्रदान करना आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। आदरणीय चेयरपर्सन डॉ. रजनी सहगल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संदेश दिया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, व्यासपुर द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में सहायक, सुरक्षित एवं प्रभावी है। विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन एवं पेपर रीडिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मित्तल मेगा मॉल में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पानीपत।** सेक्टर-25 स्थित मित्तल मेगा मॉल में शनिवार देर रात भूतल बाहरी तरफ पर स्थित कपड़ा और जूते के शोरूम में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगते ही मॉल के अंदर खरीदारी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते भगदड़ जैसे हालात बन गए। जिस समय आग लगी उस समय माल में लगभग 850 से अधिक लोग थे। हालांकि मॉल प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से लोगों को तुरंत प्रवेश और निकास द्वारों के जरिए सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मॉल के बाहर दुकान किए दुकान किशोर ने बताया कि आग पहले एक शोरूम में लगी और तेज हवा के कारण तेजी से फैलकर पास के दूसरे शोरूम तक पहुंच गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे धुआं पूरे भूतल में भर गया। उस समय माल में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, क्योंकि शाम के शो में सिनेमा हॉल में दो फिल्में चल रही थीं, जो रात 9 बजे शुरू हुई थीं।

आग की सूचना मिलते ही मॉल में अफरा-तफरी मच गई। सिनेमा हॉल में मौजूद दर्शक भी तुरंत सीढ़ियों से नीचे उतरकर बाहर निकल आए। दूसरी मंजिल पर स्थित होटल में खाना खा रहे लोग भी बिना देर किए बाहर की ओर भागे। करीब 10 मिनट के भीतर पूरा माल खाली करा लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आगजनी की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब 35 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग पर समय रहते नियंत्रण पा लेने से बड़ा हादसा टल गया, शोरूम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल अधिकारियों ने प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया है। मित्तल मेगा मॉल में लगी आग की घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।



### विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

**नारायणगढ़.** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के ऑडिटोरियम में बीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया।यह कार्यक्रम प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में एवं कन्वीनर डॉ अपूर्वा चावला के नेतृत्व में किया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों का कार्यक्रम में पहुँचने पर स्वागत किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज आप एक नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं, जहाँ चुनौतियाँ होंगी, लेकिन हमें विश्वास है कि आप सब उनका सामना दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से करेंगे। प्रोफेसर सुभाष कुमार, प्रो. संजीव कुमार, डॉ अपूर्वा चावला एवं प्रो.रेनू कुमारी ने विद्यार्थियों को आगे की जिंदगी के लिए प्रेरणादायक संदेश दिए व छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।


### गर्मी का प्रकोप बढ़ने से टोहाना शहर में नकली ठंडे पेय पदार्थ की बिक्री जोरों पर

**टोहाना.** जैसे-जैसे गर्मी का मौसम का प्रकोप बढ़ रहा है वैसे ही नकली ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ने से नकली ठंडे पर पदार्थ बेचने वालों की चांदी बनी हुई है टोहाना शहर में हर रोड गली मोहल्लें में नामी कंपनियों के नाम से कोल्ड ड्रिंक व मिनरल वाटर बेचने वालों की होलसेल की दुकान खुली हुई है ।यह सब दुकान नामी कंपनियों के नाम से कोल्ड ड्रिंक व मिनरल वाटर बेचने का काम करते सिर्फ दिखाई देते हैं। इनमें से ज्यादातर दुकानों पर नामी गिरामी कंपनियों के नाम से ही मिलते-जुलते हुए ठंडे पेय पदार्थों के नाम से बिना रोक-टोक के सरे आम बेचे जा रहे हैं। कभी भी किसी भी अधिकारी ने टोहाना शहर में आकर चेक करने की जरूरत नहीं समझी कि जो शहर में नकली ठंडे पर पदार्थ का भारी भरकम ट्रैकों के ट्रक की खपत हो रही है क्या वह सभी अपने मापदंडों पर सही है या इनमें से अधिकतर तो डेट एक्सपायरी तू नहीं। दूसरी तरफ जितना भी फिल्टर पानी की बोतल मार्केट में बिक रही हैं वह सभी ब्रांडेड नाम से मिलते जुलते नाम की होती हैं जिससे पीने से आदमी की सेहत को भारी नुकसान पहुंचती हैं जिससे फूड प्वाइजन, डायरिया और पेट की भयंकर बीमारियां हो जाती हैं लगता है शहर की भिन्न-भिन्न समस्याओं का फूड एंड सेफ्टी विभाग का कोई दूर-दूर तक का कोई नाता ही नहीं है और ना ही उनकी कोई शहर के स्वास्थ्य के प्रति उत्तरदाई दायित्व है जैसे बरसों से चलता है वैसे ही चलता रहेगा बेशक सरकार किसी की भी आए लोगों को कोई भी खाद्य पदार्थ या ठंडा पेय पदार्थ नकली हो या असली सब व्यापारियों द्वारा ऐसे ही बेचे जाएंगे।

## टोहाना में गौशाला चारा अनुदान वितरण, 10 गौशालाओं को 1.35 करोड़ की सहायता

**टोहाना.** ज्योतिपुंज गौशाला में आयोजित चारा अनुदान वितरण समारोह में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने क्षेत्र की 10 गौशालाओं को कुल 1 करोड़ 35 लाख रुपये के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि गौ-संवर्धन सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार गौ सेवा आयोग के माध्यम से गौशालाओं को निरंतर आर्थिक सहायता दे रही है और इसके बजट में भी वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में आधुनिक सुविधाएं, बेहतर चारा व्यवस्था, पशु चिकित्सा सेवाएं और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, गौमूत्र और गोबर से जैविक उत्पाद, ऊर्जा और औषधि निर्माण को बढ़ावा देकर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा में सख्त गौ संरक्षण कानून लागू होने से गोहत्या और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने समाज से गौ सेवा को जनभागीदारी अभियान बनाने की अपील की। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने भी गौ सेवा में समाज की सक्रिय भागीदारी को जरूरी बताया।

जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गाय के दूध के औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल, संत मुनि महाराज, रमन मड़िया, रविंद्र मेहता, विकास ललौदा, कवल चौधरी, जिले सिंह बराला, जयदीप बराला, बलदेव सैनी, नरेंद्र गर्ग, प्रवीण गिल, विनोद खिचड़, किरण शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी उपस्थित रहे।

## चीन सीमा पर सेना ने पीएलए को पीछे हटने पर मजबूर किया : नरवणे

**गुरुग्राम।** चीन सीमा पर भारत की सैन्य क्षमता और जवाबी कार्रवाई को लेकर पूर्व थल सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ कहा कि भारतीय सेना ने हालात का मजबूती से सामना किया और चीन को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। आईएएनएस के साथ बातचीत में नरवणे ने कहा कि सीमा पर किसी भी तरह की कार्रवाई केवल सेना का काम नहीं होती, बल्कि यह पूरे देश का सामूहिक प्रयास होता है। उन्होंने बताया कि जब भी ऐसी स्थिति आती है, तो अलग-अलग एजेंसियां और संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तभी सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत ने एकजुट होकर जवाब दिया, जिसकी वजह से चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को पीछे हटना पड़ा। हमारी कार्रवाई का ही परिणाम था कि चीन को अपनी स्थिति बदलनी पड़ी। अगर यह जीत नहीं है, तो और क्या है? नरवणे ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सीमा पर जो भी कदम उठाए गए, वे पूरी रणनीति और समन्वय के साथ किए गए थे, जिससे भारत को बढ़त मिली। मनोज मुकुंद नरवणे ने ईरान, इजराइल और



अमेरिका के संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हर युद्ध से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। असली सीख तब मिलती है जब युद्ध खत्म हो जाता है और हम उसका विश्लेषण करते हैं। लेकिन अभी जो स्थिति चल रही है, उससे एक बात साफ है कि हमें आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। यह आत्मनिर्भरता हर क्षेत्र में होनी चाहिए, चाहे वह तेल हो या क्रिटिकल मिनरल्स। हर सेक्टर में हमें खुद पर निर्भर होना होगा।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। इस बार हमने सिर्फ आतंकवादी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, बल्कि उनके नेतृत्व के मुख्यालय को भी टार्गेट किया। यह पहले के ऑपरेशनों से अलग था। इसलिए रक्षा मंत्री ने भी कहा था कि हम घर में घुसकर मारेंगे। मुझे लगता है कि इससे पाकिस्तान को बहुत बड़ा संदेश मिला है कि अगर वह इस तरह की हरकत करेगा, तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## भाजपा की चाल में अब नहीं आने वाली हरियाणा की जनता : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़.** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आज प्रदेश की जनता हर स्तर पर परेशान है। एक ओर स्थानीय निकायों में लगातार सामने आ रहे घोटाले सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर आम लोगों को प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। एक तरफ भ्रष्टाचार पर चुप्पी और दूसरी तरफ आम जनता पर दबाव यह दोहरी नीति अब प्रदेश की जनता समझ चुकी है। जनता पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदार शासन चाहती है। अब समय आ गया है कि सरकार जवाब दे और जनता को राहत मिले। यहां जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक से बड़ा एक घोटाला सामने आ चुका है, बिना मिलीभगत और सरंक्षण के घोटाले संभव नहीं है। पंचकूला में सामने आया 159 करोड़ का घोटाला केवल एक उदाहरण है। करनाल, फरीदाबाद सहित प्रदेश के कई नगर निकायों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई है। इससे साफ है कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की नीयत और नीति दोनों सवालों के घेरे में हैं।

करनाल में स्मार्ट सिटी के लाम पर कोई काम नहीं हुआ सारा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं में हो रहे घोटालों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा जो सामने आया उसे दबाना शुरू कर दिया जाता है, गली या सड़क बनी ही नहीं और भुगतान हो गया।

सांसद ने कहा कि सबसे चिंता की बात यह है कि जिन लोगों के टैक्स के पैसे से ये संस्थाएं चलती हैं, उन्हीं आम नागरिकों को आज प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी के नाम पर दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई जगहों पर लोगों को छोटी-छोटी त्रुटियों के लिए परेशान किया जा रहा है, उनकी मूलभूत सुविधाएं तक प्रभावित हो रही हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सुविधा शुल्क देना पड़ता है। जलनिकासी के पर करोडों रुपये पानी में बहा दिए जाते है पर जलनिकासी से छुटकारा नहीं मिलता। क्या यही सुशासन है? जिसका भाजपा सरकार दावा करती आ रही है। एक तरफ भ्रष्टाचार पर सरकार की चुप्पी और दूसरी तरफ आम जनता पर दबाव यह दोहरी नीति अब प्रदेश की जनता समझ चुकी है।

## आम आदमी पार्टी का खेल अब खत्म, झूठ का घड़ा फूट चुका : अनिल विज

**चंडीगढ़.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों द्वारा पार्टी छोड़ने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के झूठ का घड़ा फूट चुका है और उनका खेल खत्म हो गया है। मीडिया से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि जब से यह पार्टी बनी है, तभी से वे इसके बारे में जो बातें कह रहे थे, वे अब सही साबित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने भी स्वीकार किया है कि पार्टी का सत्य और सिद्धांतों से कोई लेना-देना नहीं रहा, बल्कि यह गलत और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों में लिप्त रही है। पश्चिम बंगाल में हुई भारी मतदान प्रतिशत पर प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी की लहर के कारण ही बड़ी संख्या में लोग घरों से निकलकर मतदान करने आए।

उन्होंने आगे कहा कि पहले विरोधी दलों के समर्थकों को मतदान करने से रोका जाता था, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे हर व्यक्ति अपने मताधिकार का उपयोग कर सका।



इसी कारण लगभग 92 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1947 के बाद संभवतः पहली बार है। उन्होंने दावा किया कि यह संकेत है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा बहुमत से सरकार बनाएगी।

भाजपा उम्मीदवार पर हमले के सवाल पर विज ने कहा कि इस बार चुनाव काफी हद तक शांतिपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो कोई बड़ी घटना नहीं हुई, और पिछले वर्षों की तुलना में यह चुनाव अधिक सुरक्षित रहा, जिसमें किसी की जान नहीं गई। उन्होंने इसका श्रेय चुनाव आयोग और प्रशासन की कुशलता को दिया। इनेलो नेता अभय चौटाला के उस बयान पर, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर हरियाणा को बिहार बनाने का आरोप लगाया था, विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा, हरियाणा ही है और रहेगा। अगर उन्हें बिहार नजर आ रहा है, तो यह उनकी नजर का फर्क है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को सृजनात्मक मंच देते हैं : डा. वंदना बिश्नोई

### गुजविप्रौवि के महिला छात्रावास में हुआ स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार.** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में स्मृति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई उपस्थित रही। मैडम रजिस्ट्रार श्रीमति रजनी शर्मा विशिष्ट अतिथि रही। डा. वंदना बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को सृजनात्मक मंच देते हैं। विश्वविद्यालय में इन कार्यक्रमों को नियमित रूप से करवाया जा रहा है। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी अपनी परंपराओं से भी जुड़ते हैं। कार्यक्रम में प्रो. आशा गुप्ता, प्रो. सुमित्रा,



प्रो.अराधिता, प्रो. वंदना पूनिया, डॉ. सुनीता रानी एवं डॉ. प्रज्ञा कौशिक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी कोऑर्डिनेटर्स, लेडी वार्डन्स एवं गर्ल्स हॉस्टल परिसर के स्टाफ ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वागत संबोधन मुख्य वार्डन प्रो. सुजाता सांघी द्वारा दिया गया जबकि कार्यक्रम का संचालन डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. विनीता द्वारा किया गया। डा. अंजू गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। सोलो गायन प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान तथा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डांस (सोलो) प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम स्थान तथा तमन्ना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। डुएट डांस प्रतियोगिता में पायल एवं निशा ने प्रथम स्थान, हरमन एवं आकांक्षा ने द्वितीय स्थान तथा अंशु एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मटकी सजावट प्रतियोगिता में सिमरनजीत कौर ने प्रथम स्थान तथा याशी असलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान तथा याशी असलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम स्थान, सोनिया ने द्वितीय स्थान तथा संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अपनों की शहादत और सरकार की बेरुखी से आग बबूला हुए दमकल कर्मी

**भिवानी.** हरियाणा में दूसरों की जान और संपत्ति बचाने वाले दमकल कर्मी आज खुद व्यवस्था की आग में झुलस रहे हैं। फरीदाबाद अग्निकांड में अपने दो साथियों भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को खोने के बाद सरकार द्वारा अपनाए जा रहे दोहरे मापदंड ने प्रदेश भर के फायर फाइटरों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। शुक्रवार को फायर कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने भिवानी सहित पूरे प्रदेश में मंत्रियों और विधायकों को ज्ञापन सौंपकर अपनी हुंकार भरी। इस दौरान कर्मचारियों ने भिवानी में केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी एवं विधायक घनश्याम सर्राफ को अपनी मांगों का मांगपत्र सौंपा। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में वक्ताओं ने सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता फायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अजय श्योराण ने की तथा मंच संचालन राजेश कुमार ने किया। प्रदर्शन को सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, जिला सचिव धर्मबीर भाटी, जिला वरिष्ठ उप प्रधान सूरजभान जटासरा, खंड प्रधान अशोक कुमार गोयत, रोडवेज के राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, डिपो सचिव अनिल नागर, शिक्षा बोर्ड से अशोक कुमार पिलानिया, देवेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र पिलानिया, पब्लिक हल्थ से प्रवीण कुमार, सीआईटीयू से जिला सचिव अनिल कुमार, जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घणघस, सचिव अनुराधा, नगरपालिका के राज्य उपप्रधान पुरुषोत्तम दानव ने संबोधित किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह कितनी शर्मनाक बात है कि एक ही मोर्चे पर, एक ही आग में झुलसकर सिपाही शहीद होता है तो उसे एक करोड़ की सम्मान राशि और शहीद का दर्जा मिलता है, लेकिन उसी आग में खाक होने वाले दमकल कर्मी के परिवार को ठेंगा दिखा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे साथियों को शहीद का दर्जा नहीं मिलता, यह जंग जारी रहेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि यह लड़ाई अब केवल फायर कर्मियों की नहीं, बल्कि पूरे कर्मचारी वर्ग की है। उन्होंने कहा कि रक्षकों के ही परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकें, तो यह पूरे तंत्र की विफलता है। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि दमकल कर्मचारियों के समर्थनन में एक मई से प्रदेश के 40 हजार सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार या तो मांगें माने या हमें भी नौकरी से निकाल दे। इस मौके पर फायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अजय श्योराण ने मंच से ललकारते हुए कहा कि सरकार की 30 लाख रुपये की खैरात उन्हें मंजूर नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 22 से 25 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 90 जन-प्रतिनिधियों को जगाने का काम किया जा रहा है और यदि 27 अप्रैल के विधानसभा सत्र तक समाधान नहीं हुआ।



कौन है खुशी मुखर्जी का सीक्रेट फैन!

# खुशी मुखर्जी के मिस्ट्री फैन की पहेली

चमकती रोशनी, कैमरों की नजर और लाखों चाहने वालों के बीच भी कभी-कभी एक अनजाना साया सबसे ज्यादा ध्यान खींच लेता है और इन दिनों ऐसा ही कुछ खुशी मुखर्जी के साथ हो रहा है। हाल ही में एक रहस्यमयी प्रशंसक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, जो बिना सामने आए, इशारों और हल्के संदेशों के जरिए अपने जज़्बात जाहिर कर रहा है। आम फैन फॉलोइंग से अलग, इस शख्स की मौजूदगी में एक खास बात है—एक साइलेंट कनेक्शन, जिसने खुद खुशी का भी ध्यान खींचा है। खुशी ने इस पूरे मामले पर बेहद संतुलित और दिलचस्प प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सराहना हमेशा खास होती है, खासकर जब उसमें सच्चाई और सम्मान हो, लेकिन कुछ रहस्य अपनी जगह खूबसूरत लगते हैं। उनका यह जवाब न केवल परिपक्वता दर्शाता है, बल्कि इस मिस्ट्री को और गहरा भी कर देता है। फैंस अब सोशल मीडिया पर हर इशारे को जोड़ने में लगे हैं—कैप्शन्स, पोस्ट्स और कमेंट्स के पीछे छिपे संकेतों को समझने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक क्षणिक आकर्षण है या किसी नई कहानी की शुरुआत—फिलहाल यह राज ही है। लेकिन इतना तय है कि खुशी मुखर्जी के आसपास यह रहस्य अब एक दिलचस्प चर्चा बन चुका है।

# प्रियंका अग्रवाल बनीं इंडस्ट्री की नई ताकत

मॉडलिंग की चमक-दमक भरी दुनिया से निकलकर फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज़ में अपनी खास पहचान बनाने वाली प्रियंका अग्रवाल आज एक उभरता हुआ चेहरा बन चुकी हैं। 'विल्स इंडिया फैशन वीक' और 'लैक्मे इंडिया फैशन वीक' जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर रैंप वॉक से करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने अपने आत्मविश्वास और मेहनत से इंडस्ट्री में मजबूत जगह बनाई। फिल्मों में उन्होंने 'रेडियो', '1971- बियॉन्ड बॉर्डर्स' और 'युद्धभूमि 1971 भारत सीमा' जैसी परियोजनाओं में काम कर अपने अभिनय का दम दिखाया। खासकर '1971- बियॉन्ड बॉर्डर्स' में उनकी परफॉर्मेंस को दर्शकों ने सराहा। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और बड़े कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर की। विज्ञापन और म्यूजिक वीडियो में भी प्रियंका का सफर बेहद सफल रहा है, जहां उन्होंने 100 से अधिक प्रोजेक्ट्स में काम किया। 'जिंदगी लौट आई है' जैसे गानों में उनकी अदाकारी ने उन्हें नई पहचान दिलाई। प्रियंका का मानना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता—लगातार मेहनत और धैर्य ही असली कुंजी है। आज वह न सिर्फ एक सफल कलाकार हैं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा भी बनती जा रही हैं।





# दिलजीत दोसांझ सिर्फ गायक नहीं, मनोरंजन का फुल पैकेज हैं : गीता बसरा

मशहूर गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ भारत समेत पूरे विश्व में अपनी कला का परचम लहराते रहते हैं। उनकी लोकप्रियता का खुमार लोगों में इस कदर होता है कि कॉन्सर्ट के टिकट मिनटों में बिक जाते हैं और सोशल मीडिया पर उनकी हर अदा पर फैंस जान छिड़कते हैं। अभिनेता के प्रति दीवानगी आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत के बड़े सितारों में भी देखने को मिलती है, जिनमें पंजाबी सिनेमा की अभिनेत्री गीता बसरा का नाम भी शामिल है। गीता बसरा ने पंजाबी आइकन अवॉर्ड्स 2026 के दौरान दिलजीत के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि वे दिलजीत उनके ऑल-टाइम फेवरेट पसंदीदा पंजाबी कलाकार हैं। अभिनेत्री ने दिलजीत की खूबियों पर बात करते हुए कहा कि वह एक साथ कई प्रतिभाओं के धनी हैं। गीता ने कहा, दिलजीत सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं बल्कि गायक भी हैं। उनकी आवाज में वो जादू है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है। वह एक शानदार सिंगर होने के साथ-साथ कमाल के एंटरटेनर भी हैं। सही मायनों में देखा जाए तो वह मनोरंजन का एक फुल पैकेज हैं।

गीता ने कहा कि दिलजीत ने पंजाबी संस्कृति और संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी। वे कहती हैं, जिस तरह से दिलजीत ने ग्लोबल लेवल पर अपना नाम बनाया है, वैसा कारनामा अब तक बहुत कम कलाकार कर पाए हैं। उन्होंने दुनिया के बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन किया है। मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं।


दिलजीत दोसांझ का चुलबुला अंदाज और अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। चाहे उनकी फिल्में हों या लाइव परफॉर्मेंस, उनकी एनर्जी हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देती है।

दिलजीत की बात करें तो वे जल्द ही दर्शकों के लिए फिल्म मैं वापस आऊंगा लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 1947 के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अधूरी प्रेम कहानी है। इसमें वेदांग रैना, शरवरी वाघ और नसीरुद्दीन शाह अहम भूमिकाओं में हैं।



# पति पत्नी और वो दो का नया गाना दिलवाले चोर हुआ रिलीज

मुंबई अभिनेता आयुष्मान खुराना कॉमेडी ड्रामा फिल्म पति पत्नी और वो दो के जरिए दर्शकों को अपने चुलबुले अंदाज से गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का नया गाना दिलवाले चोर रिलीज कर दिया। टी-सीरीज ने गाने का क्लिप को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, इश्क दी डोरी और दिल दी चोरी दोनों एक साथ। गाना दिलवाले चोर रिलीज कर दिया गया है। यह एक ऐसा गाना है, जो दिल को बहुत सुकून देता है। इस संगीत की लाइनें काफी कैची हैं, जो दर्शकों को दीवाना बना रही है। गाने का संगीत आधुनिक और क्लासिक मेलोडी का एक बेहतरीन मिश्रण है। गाने को आदित्य रिखारी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है। वहीं, गाने में आयुष्मान और सारा अली खान की केमिस्ट्री सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। गाने में दोनों इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। गाने के बोल आधुनिक रोमांस को बखूबी दर्शाते हैं, जिसमें प्यार की शरारत और



दिल को छू लेने वाली भावनाएं घुली हुई हैं। पीयूष-साजिया ने इस गाने को कोरियोग्राफ किया है। यह मेलोडी न केवल प्यार और चाहत की कहानी बुनती है, बल्कि इसमें एक चंचल चार्म भी है जो दर्शकों को खुद से जो? रखता है। इससे पहले फिल्म का गाना रूप दी रानी रिलीज किया गया था। इस गाने को भी फैंस ने काफी पसंद किया था। फिल्म पति पत्नी और वो दो में सारा अली खान और आयुष्मान खुराना के अलावा, रकुल और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्रयागराज की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो गलतफहमियों और हास्य के साथ रोमांस पेश करती है। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित फिल्म पति पत्नि और वो दो का निर्माण भूषण कुमार, रेणु रवि चोपड़ा ने किया है। यह 2019 की हिट फिल्म 'पति पत्नी और वो' फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जहां कानपुर के इंजीनियर चिंटू त्यागी के विवाहेतर संबंध को मजेदार अंदाज में पर्दे पर दिखाया गया था।

# खलनायक रिटर्न्सः फिर से आ रहा बल्लू बलराम, सुभाष घई बोले- संजय दत्त फिर से साबित कर देंगे



अभिनेता संजय दत्त एक बार फिर अपने खलनायक अंदाज में नजर आने वाले हैं। साल 1993 की सुपरहिट फिल्म खलनायक का एंटी-हीरो किरदार बल्लू बलराम अब नए रूप में बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहा है। फिल्म की घोषणा के बाद फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने संजय दत्त के नए किरदार का पोस्टर शेयर करते हुए खुशी जताई है। सुभाष घई ने मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड की ओर से लिखा, हम सभी यह देखकर बहुत खुश हैं कि हमारे प्यारे संजू खलनायक रिटर्न्स के साथ वापस आ गए हैं। शुक्रवार को मीडिया को इसका एक जबरदस्त टीजर दिखाया गया, जिसे सबने खूब सराहा।

उन्होंने आगे कहा कि बल्लू बलराम जैसे आइकॉनिक किरदार को दोबारा निभाना संजय दत्त के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि संजय इस बार भी अपने अभिनय से सभी को प्रभावित कर देंगे। घई ने संजय दत्त और पूरी टीम के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

संजय दत्त ने शुक्रवार को खुद खलनायक रिटर्न्स फिल्म की आधिकारिक घोषणा की। यह फिल्म 1993 की मूल खलनायक का नया संस्करण बताई जा रही है। मूल फिल्म में संजय दत्त ने खलनायक का रोल किया था, जो उस समय काफी चर्चित रहा था। बल्लू बलराम का किरदार आज भी दर्शकों की याद में ताजा है। मूल फिल्म खलनायक उस समय की कल्ट क्लासिक बन गई थी। इसमें संजय दत्त के अलावा माधुरी दीक्षित, जैकी श्रॉफ जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म के गाने और डायलॉग आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। शुक्रवार को मुंबई में एक इवेंट के दौरान संजय दत्त ने घोषणा की कि उनकी कंपनी 'थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स' और अक्षा कंबोज की 'एस्पेक्ट एंटरटेनमेंट' ने सुभाष घई की मुक्ता आर्ट्स से क्लासिक फिल्म 'खलनायक' के सीक्वल के अधिकार खरीद लिए हैं। इवेंट में 'खलनायक रिटर्न्स' का छोटा टीजर भी रिलीज किया गया, जिसमें संजय दत्त अपने मशहूर किरदार 'बल्लू बलराम' के नए और दमदार अवतार में नजर आए। संजय ने सुभाष घई को शुक्रिया अदा करते हुए कहा, खलनायक का सफर बहुत लंबा रहा है। सुभाष जी के बिना यह मुमकिन नहीं था। वह एक लीजेंड हैं और एंटरटेनमेंट की दुनिया के बेताज बादशाह हैं। वे इस नई फिल्म का भी हिस्सा होंगे। नई फिल्म खलनायक रिटर्न्स के बारे में यादा डिटेल्स नहीं बताई गई है।

# गाजर के सेवन से त्वचा, आंखों और बालों को मिलता है चमत्कारिक लाभ



वैसे तो सभी फल और सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद हैं। मगर सर्दियों के मौसम में खाई जाने वाली सबकी पसंदीदा गाजर सेहत के लिए बेहद ही लाभकारी है। गाजर के फायदे जानने के लिए आईएएनएस ने न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. स्वाति सिंह से बात की। न्यूट्रिशनिस्ट का काम डाइट और पौष्टिक आहार के सेवन से जुड़ी सामान्य जानकारी देना होता है। डॉ. स्वाति सिंह ने गाजर के फायदों पर बात करते हुए कहा, गाजर को बहुत सारे तरीके से खाया जा सकता है। आप गाजर को पकाकर या सलाद के तौर पर भी खा सकते हैं। इसका सूप बनाकर भी लिया जा सकता है। जो लोग इसे सब्जी के तौर पर नहीं ले सकते, वह इसका हलवा भी खा सकते हैं। गाजर को सर्दियों में अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चहिए, क्योंकि यह सेहत के लिए बेहद ही फायदेमंद होता है। आगे न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. स्वाति सिंह ने बताया, गाजर में प्रचूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। कैलोरी की मात्रा इसमें बेहद कम होती है। जो लोग अपने वजन पर काम कर रहे हैं, उनके लिए गाजर एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें विटामिन ए भी मौजूद होता है। जो भूख को कम करने का काम करता है।

न्यूट्रिशनिस्ट ने कहा, गाजर में मौजूद फाइबर और पोटेशियम के कारण यह दिल के लिए भी लाभकारी होता है। यह ब्लड प्रेशर को भी सही रखने में मदद करता है। इसके अलावा, गाजर एंटी-एजिंग के प्रभाव को भी कम करने का काम करती है, क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन ए और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं। आगे उन्होंने कहा, गाजर के नियमित सेवन से आपके शरीर को कई तरह का लाभ मिलता है। यह आपकी त्वचा, आंखें और बालों के लिए बेहद फायदेमंद है। यह इम्यून सिस्टम पर भी बेहतर तरीके से काम करता है।

उन्होंने आगे बताया, गाजर में विटामिन सी भी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। गाजर सर्दियों के लिए एक खास विकल्प है। गाजर में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है। गाजर में मौजूद बीटा-कारोटीन आंखों के लिए फायदेमंद है। गाजर आपकी आंखों को इसकी वजह से सुरक्षा प्रदान करने का काम करता है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com